पंजाब केसरी 19/02/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित बैडमिंटन मैच में डा. धर्मवीर सैनी प्रथम



प्रतियोगिता के उपरांत मौजूद विजेता, कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत व अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 18 फरवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों, पुरुष वर्ग के लिए एक विशेष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह आयोजन कॉलेज के प्रतिष्ठित पी.सी. जोशी मैमोरियल ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में कॉलेज के समस्त शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डा. सुरजीत इस मैच के कार्यवाहक प्रभारी रहे।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल गतिविधियां न केवल शिक्षकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ करती हैं, बल्कि कॉलेज में एक सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण का निर्माण भी करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि नियमित रूप से ऐसे आयोजन करने से शिक्षकों की कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जिससे वे अधिक ऊर्जावान और प्रेरित होकर शिक्षण कार्य कर सकते हैं।

इस प्रतियोगिता में शिक्षकों ने बड़े जोश और उमंग के साथ भाग लिया। प्रारंभिक दौर से लेकर फाइनल तक कई रोमांचक मुकाबले देखे गए।

सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों को रोमांचक क्षण प्रदान किए।

फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान डा. धर्मवीर सैनी, द्वितीय स्थान डा. कुलदीप यादव, तृतीय स्थान डा. दीपक ने अर्जित किया।

इस अवसर पर कॉलेज के कई वरिष्ठ शिक्षक, डा. एस.एस. नैन, डा. राजेंद्र देशवाल, डा. एस.के. पांडे, बृजेश कुमार, डा. अनुराधा, डा. ज्योति, कमलेश एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख बृजेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है।

यह न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम है, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन को भी विकसित करता है।